

# खबर का असर : अंतत : 6 माह बाद हैण्डपम्प का हुआ सुधार

## जिले के विकासखण्ड सिहावल अंतर्गत ग्राम सोनतीर पटेहरा के सरकारी स्कूल के खराब हैण्डपम्प की समस्या को नवभारत ने प्रमुखता से उठाया था

खबर का असर

**सीधी, 25 नवम्बर। नवभारत खबर का प्रकाशन के साथ अंतत: 6 माह बाद हैण्ड पम्प का सुधार हुआ। जिले के विकासखण्ड सिहावल अंतर्गत ग्राम सोनतीर पटेहरा के सरकारी स्कूल के खराब हैण्डपम्प की समस्या को नवभारत ने प्रमुखता से उठाया था।**

गौरतलब है कि जनपद सिहावल अंतर्गत ग्राम पंचायत सोनतीर पटेहरा में संचालित शासकीय प्राथमिक पाठशाला सोनतीर पटेहरा में पढ़ने वाले नौनिहाल छात्रों की जान जोखिम में पड़ी हुई थी। यहां के नौनिहाल छात्र प्यास बुझाने के लिये समीपी सोन नदी में जाने के लिये मजबूर थे। जल संकट को लेकर पीएचई कार्यालय में शिकायत रजिस्टर कराई गई थी फिर भी बिगड़े हैण्डपंप के सुधार होने को लेकर हीला-हवाली चल रही थी। यहां तक कि पीएचई विभाग के एसडीओ ओम प्रकाश प्रजापति से मिलकर समाजसेवी पप्पू सिंह गहरवार ने नौनिहाल बच्चों की समस्या को बताते हुये जल्द हैण्डपंप का सुधार कार्य कराने की मांग रखी। आश्वासन तो मिला कि जल्द हैण्डपंप का सुधार कार्य हो जायेगा। काफी समय गुजर जाने के बाद भी जब हैण्डपंप नहीं बना तो श्री गहरवार ने कार्यपालन यंत्री त्र्यंबकेश द्विवेदी से मिलकर फरियादी की। श्री द्विवेदी ने जल्द सुधार का आश्वासन दिया। किन्तु नतीजा सार्थक नहीं आया। मजबूरी में नौनिहाल बच्चों को सरपंच को साथ खड़े करके वीडियो वायरल कर हैण्डपंप का सुधार कराने की गुहार लगानी पड़ी थी। नवभारत ने शासकीय प्राथमिक शाला सोनतीर पटेहरा के नौनिहालों के समक्ष बने जल संकट को गंभीरता से लिया और इसे पीएचई कार्यपालन यंत्री त्र्यंबकेश द्विवेदी के समक्ष रखा। श्री द्विवेदी ने अभी तक पाठशाला के बिगड़े हैण्डपंप का सुधार ना होने को काफी गंभीरता से लिया और उनके द्वारा आश्वस्त किया गया कि सुबह ही स्थानीय मैकेनिकों को भेजकर मरम्मत करायी जायेगी। कार्यपालन यंत्री की सार्थक पहल के चलते सोनतीर शाला के बिगड़े हैण्डपंप का सुधार हो चुका है।



साहब... हैण्ड पम्प सुधरवा दीजिए, जान जोखिम में डालकर नौनिहाल नदी के पानी से बुझाते हैं प्यास

जिले के जनपद सिहावल अंतर्गत ग्राम सोनतीर पटेहरा के सरकारी स्कूल के खराब हैण्ड पम्प शिकायत के बाद भी नही सुधरा

नवभारत न्यूज

समस्या का वीडियो हुआ वायरल, ईई ने सुधार का दिया आश्वासन

हैण्ड पम्प के मेंटीनेंस के नाम पर लाखों का होता है खेल

6 महीने से त्रस्त हैं स्कूल के नौनिहाल : पप्पू

### नवभारत ने ध्यान आकृष्ट कराया, ईई पीएचई की पहल से हुआ सुधार

नवभारत ने शीर्षक साहब... हैण्डपंप सुधरवा दीजिए, जान जोखिम में डालकर नौनिहाल नदी के पानी से बुझाते है प्यास। खबर का प्रकाशन 24 नवम्बर 2025 को करके प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया। ईई पीएचई की पहल से अगले दिन 25 नवम्बर 2025 को शासकीय प्राथमिक विद्यालय सोनतीर पटेहरा में हैण्डपंप का सुधार हो गया। तत्संबंध में विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने हैण्डपंप के सुधार पर प्रमाण पत्र भी जारी किया। प्रमाण पत्र में कहा गया है कि हैण्डपंप सुधार कार्य में एक नग पाइप, एक राड, एक चैन, दो बासर ग्रामीणजनों की उपस्थिति में लगाया गया है।

### प्रमुखता से समस्या उठाने के नवभारत का जनता ने जताया आभार

शासकीय प्राथमिक विद्यालय सोनतीर पटेहरा में 6 महीने से बिगड़े हैण्डपंप का सुधार 24 घंटे में होने पर स्थानीय जनता ने नवभारत का आभार जताया है। समाजसेवी पप्पू सिंह गहरवार ने बताया कि नवभारत द्वारा काफी तत्परता के साथ विद्यालय के जल संकट पर खबर का प्रकाशन कर प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया गया था। जिसको ईई पीएचई द्वारा गंभीरता से लेते हुये तत्काल हैण्डपंप का सुधार कराने के लिये निर्देशित किया गया है। लिहाजा स्थानीय हैंडपंप मैकेनिक शाला परिसर पहुंचे और बिगड़े हैण्डपंप का सुधार कार्य किया। अब विद्यालय जल संकट से मुक्त हो चुका है।

### कार्यपालन यंत्री पीएचई की पहल से हुआ सुधार

पीएचई के कार्यपालन यंत्री त्र्यम्बकेश द्विवेदी ने शासकीय प्राथमिक विद्यालय सोनतीर पटेहरा में व्याप्त जल संकट को काफी गंभीरता से लिया। उनके समक्ष यह बात रखी गई थी कि विद्यालय के नौनिहाल बच्चे करीब 6 महीने से प्यास बुझाने के लिये समीपी सोन नदी जाने के लिये मजबूर हैं। नदी के पानी से प्यास बुझाने में उनकी जान को भी भारी जोखिम है। कार्यपालन यंत्री ने इस समस्या को काफी प्राथमिकता से लिया। उनके द्वारा स्थानीय मैकेनिकों के माध्यम से शाला परिसर में लगे हैण्डपंप का जल्द से जल्द प्राथमिकता से सुधार के लिये निर्देशित किया गया था।

# गोपालदास आश्रम में धूमधाम से आयोजित हुआ श्री सीताराम विवाह महोत्सव

नवभारत न्यूज

**सीधी 25 नवम्बर। शहर के हृदय स्थल में बसे स्वामी श्री गोपाल दास महाराज आश्रम अध्यात्म रामायण मंदिर में बड़े धूमधाम से श्री सीताराम विवाह महोत्सव एवं भजनांजलि कार्यक्रम संपन्न हुआ।**



धार्मिक मान्यताओं के अनुसार त्रेता युग में मार्गशीर्ष माह की शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि पर भगवान राम और माता सीता का विवाह हुआ था। प्रभु राम और माता जानकी की जोड़ी को एक आदर्श जोड़ी के रूप में देखा जाता है। इसलिए हर साल इस दिन को विवाह पंचमी के रूप में मनाया जाता है। इस तिथि पर माता सीता और भगवान राम का विवाह करवाना काफी शुभ माना जाता है। इस विधि से पूजा हुई । सर्वप्रथम मंदिर पुजारी सजन दास महाराज द्वारा स्थापित सीता माता और भगवान श्री राम जी को वस्त्र धारण कर चौकी पर लाल रंग का कपड़ा बिछाकर मूर्ति स्थापित की गई। सबसे पहले भगवान श्री गणेश जी का आह्वान मंत्रो के द्वारा और इसके बाद विवाह की रस्में शुरू की गई।

इस दौरान हनुमान जी का आह्वान भी हुआ। माता सीता को लाल रंग के वस्त्र और भगवान श्री राम को पीले रंग के वस्त्र अर्पित हुए। अब राम-सीता को फूलों की माला बनाते हुए, उनका गठबंधन किया गया। पूजा में हल्दी, चंदन, फूल, धूप आदि अर्पित कर घी का दीपक जलाएं। तत्पश्चात विवाह की रश्में पूरी की गई।

जहां यजमान वैश्य महासम्मेलन महिला इकाई जिला अध्यक्ष श्रीमती जगदंबा सुभाष सोनी ने पद प्रचलन की। वहीं दूसरी ओर परिसर में ही संगीतमय बहुत ही मनमोहक लोकगीत भजन श्रीमती गुड़िया पाण्डेय की मंडली रसवर्षा करती रही। इस दौरान श्रीमती शशिप्रभा गौतम, श्रीमती चंद्रमुखी सिंह, श्रीमती पुष्पा सिंह, विमला पाण्डेय, शशि पाण्डेय, आशा शर्मा, कविता शुक्ला, मीरा सिंह, शांति पाण्डेय, रंजीता नामदेव, रश्मि गुप्ता, दीप्ति नामदेव, सविता बाजपेई, गायत्री त्रिपाठी, विमल पटेल, प्रतिभा द्विवेदी, उषा पटेल, निधि पाण्डेय, पुनीता द्विवेदी, अनु दीक्षित, निशा तिवारी, यक्ष द्विवेदी, उर्मिला शर्मा, मीनू सिंह चौहान, निशा नामदेव वहीं पुरुष श्रद्धालु भकगक्तों में अर्जुन सिंह बघेल, नरेश सिंह, कुमुद किशोर अवधिया, रमेश गुप्ता, राजेश सिंह गहरवार, राजू कुमार सिंह, धीरेंद्र सिंह परिहारए प्रभात पाण्डेय, ध्रुव नारायण सिंह, महेन्द्र सराफ आदि उपस्थित रहे।

# अजाक्स प्रांताध्यक्ष का सवर्णों की बेटियों के बारे बयान आपत्तिजनक : राममोहन

नवभारत न्यूज

**सीधी 25 नवम्बर। 23 नवम्बर 2025 को सेकेण्ड स्टाप तुलसीनगर स्थित अम्बेडकर मैदान में अजाक्स संगठन का प्रांतीय अधिवेशन था। उस कार्यक्रम में अजाक्स के नवनिर्वाचित प्रांतीय अध्यक्ष और वरिष्ठ आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा ने कहा कि जब तक मेरे बेटे को कोई ब्राह्मण अपनी बेटी दान नहीं देता या उससे संबंध नहीं बनता तब तक आरक्षण जारी रहना चाहिए।**



उक्त वक्तव्य स्पीक जिला सीधी राममोहन द्विवेदी ने जारी करते हुये कहा है कि अजाक्स प्रांताध्यक्ष का यह बयान घोर आपत्तिजनक है और समूचे सवर्ण समुदाय का अपमान है। शादी विवाह निजी जिंदगी है। हर वयस्क व्यक्ति अपनी शादी के लिए स्वतंत्र है। कौन किससे शादी करे यह उसका निजी मामला है और फिर बेटी कोई वस्तु नहीं है जो दान की जाये। कानूनी तौर पर तो मां-बाप भी अपने पुत्र-पुत्री की शादी किससे हो-यह तय नहीं कर सकते। सवर्ण समाज की बेटियों के बारे में एक वरिष्ठ आईएएस अधिकारी द्वारा ऐसा कहा जाना अति निंदनीय है। अजाक्स एक कर्मचारी संगठन है। कर्मचारी संगठन के अधिवेशन में सर्विस मैटर्स पर बात होनी चाहिए न कि शादी विवाह जैसे निजी जीवन के विषयों पर। इस तरह संतोष वर्मा दोनों वर्गों के बीच खाई गहरी कर रहे हैं जो कि देश समाज के हित में नहीं है। बहरहाल, सवर्ण समाज की बेटियों के बारे में संतोष वर्मा द्वारा कहे गए इस कथन की मैं निंदा करता हूं और आईएएस आचरण नियमों के तहत समुचित कार्रवाई किए जाने की सरकार से मांग करता हूं। ऐसे कुंठित एवं कुत्सित मानसिकता के प्रशासनिक अधिकारी से सवर्ण वर्ग के अधिकारी-कर्मचारी न्याय एवं निष्पक्ष कार्य की क्या अपेक्षा करेंगे।

# अंडर-22 इंटर डिस्ट्रिक्ट फाइनल मैच रोमांचक मोड़ पर पहुंचा

नवभारत न्यूज

**सीधी 15 नवम्बर। रीवा एमपीसीए ग्राउंड में खेले जा रहे अंडर-22 इंटर डिस्ट्रिक्ट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में डीसीए सीधी और डीसीए रीवा के बीच मैच बेहद रोमांचक स्थिति में पहुंच गया है।**



मुकाबले के पहले दिन डीसीए रीवा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया और पहली पारी में 192 रन पर ऑल आउट हो गई। रीवा की ओर से बल्लेबाजी में अभिज्ञान ने 31 तथा अक्षत ने 32 महत्वपूर्ण रन जोड़े। डीसीए सीधी की गेंदबाजी शानदार रही, जिसमें आशीष पटेल ने घातक स्पेल डालते हुए 5 विकेट चटकाए जबकि विनीत सिंह ने 2 विकेट अपने नाम किए। जवाब में डीसीए सीधी ने पहली पारी में 209 रन बनाए और 17 रन की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल की। सीधी की ओर से बल्लेबाजी में प्रांजल पांडे ने 56 रनों की बेहतरीन पारी खेली, जबकि अभिषेक गौतम ने जिम्मेदारी भरी बल्लेबाजी करते हुए 46 रन जोड़े।

रीवा की ओर से सुदीप ने 3 और अनुपम ने 2 विकेट हासिल किए। दूसरी पारी में दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक डीसीए रीवा ने 4 विकेट के नुकसान पर 138 रन बना लिए हैं। रीवा की तरफसे अभिज्ञान एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए 40 रन बनाकर नॉटआउट क्रीज पर डटे हुए हैं। दूसरी इनिंग में डीसीए सीधी की ओर से कृष्ण भार्गव और शिवम ने 1-1 विकेट प्राप्त किया। पहली पारी में 17 रन की बढ़त और दूसरी पारी में रीवा की मजबूत वापसी के चलते मैच अब पूरी तरह रोमांचक मोड़ पर पहुँच चुका है।

# रंगदूत ने शासकीय माध्यमिक विद्यालय टिकरी में 15 दिवसीय कार्यशाला का किया शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**सीधी 25 नवम्बर। रंगमंच जीवन को एक विकसित दिशा की ओर अग्रसित कर समाज के दर्पण के रूप में प्रस्तुत होता है। रंगमंच वास्तव में एक तरफएक कलात्मक अभिव्यक्ति को प्रस्तुत करता है वहीं सृजनात्मक अभिव्यक्ति को भी बढ़ावा देता है।**



इसी क्रम में देश में कीर्तिमान रचने वाली जिले की अग्रणी नाट्य संस्था रंगदूत ने 15 दिवसीय नाट्य कार्यशाला का आयोजन किया है। बीते पांच दिन पहले रंगदूत ने नाट्य शिविर का शुभारंभ पीएम श्री शासकीय माध्यमिक विद्यालय टिकरी में किया गया है। जिसका निर्देशन रंगदूत के कलाकार रवित मिश्रा कर रहे हैं। रवित ने बताया कि इस शिविर का आयोजन मुख्य रूप से बच्चों को मौज मस्ती के साथ-साथ अभिनय की बारीकियां व अंदर छुपी हुई कलात्मक अभिव्यक्ति को एक मंच तलक पहुंचाने के उद्देश्य से लगाई गयी है। कार्यशाला में शरीरिक गतिविधियों के साथ-साथ रंगमंच किस ढंग से आम जिंदगी में अपना योगदान देता है। साथ ही रंगमंच की बारीकियां सिखाई जा रही है । यह कार्यशाला पीएम श्री शासकीय विद्यालय टिकरी में 20 नबम्बर से 4 दिसम्बर 2025 तक लगाई जायेगी। अभिनय, संवाद की शैली को परिपक्व बनाने के साथ-साथ संगीत व नृत्य पर भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्यशाला में मुख्य रूप से स्कूल के 12 वर्ष से 18 वर्ष की उम्र के बच्चे शामिल हैं। प्रशिक्षक के रूप में अनंत मिश्रा, कुलदीप सोनी, राजेन्द्र दुबे आदि कलाकार शामिल हैं। विद्यालय की प्राचार्य बसंती सिंह ने इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि हमें खुशी है कि हमारे विद्यालय को रंगदूत संस्था के इस रचनात्मक प्रयास को सहयोग करने का अवसर मिला है। थिएटर सिर्फ मनोरंजन नहीं है बल्कि यह युवाओं में आत्मविश्वास, स्पष्ट अभिव्यक्ति और गहन समझ विकसित करने का एक शक्तिशाली माध्यम है। विद्यालय के शिक्षक प्रभाकर तिवारी ने कहा कि हम मानते हैं कि शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान देना नहीं है बल्कि छात्रों को सर्वांगीण विकास के लिए एक मंच प्रदान करना भी है। यह कार्यशाला सुनिश्चित करती है कि हमारे युवा अपनी प्रतिभा को एक रचनात्मक दिशा दे सकें। इस कार्यशाला में लगभग 100 बच्चे शामिल हैं।

# चेक अनादरण पर आरोपी को 6 माह का सश्रम कारावास

## 9 प्रतिशत ब्याज के साथ देनी होगी राशि

नवभारत न्यूज

**सीधी 25 नवम्बर। न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सीधी सरिता चौधरी ने चेक अनादरण के मामले में आरोपी को 6 माह के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही आरोपी को 9 प्रतिशत ब्याज के साथ राशि देनी होगी। प्रतिकर राशि न देने पर एक माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास तथा व्यय न चुकाने पर 10 दिवस का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगताने का आदेश भी दिया है।**



न्यायालय ने प्रकरण क्रमांक 4020/2021 में 18 नवम्बर 2025 को जारी आदेश में कहा है कि परिवादी आनंद ट्रेडर्स प्रो.अशोक कुमार कामदार निवासी अमहा सीधी द्वारा आरोपी ज्ञानचंद गुप्ता पिता स्वतंत्र कुमार गुप्ता निवासी सोनवर्षा तहसील सिहावल थाना अमिलिया के विरुद्ध परिवाद दायर किया गया था। परिवाद में कहा गया था कि आरोपी ज्ञानचंद द्वारा 23 सितम्बर 2021 को 2 लाख 30 हजार रुपए का चेक अपने भुगतान में दिया था। उक्त चेक यूनियन बैंक ऑफ इंडिया शाखा अमिलिया जिला सीधी से आवश्यक राशि न होने पर बाउंस हो गया। जिसके बाद आरोपी द्वारा आवश्यक राशि देने में लगातार हीलाहवाली की जाती रही। लिहाजा परिवादी को न्यायालय में परिवाद दायर कर न्याय की मांग करनी पड़ी। न्यायालय ने दोनो पक्षों के अधिवक्ताओं की दलील सुनवाई के दौरान सुनी और फैसला सुनाया। फैसला में कहा गया है कि आरोपी को उसके कृत्यों के लिए 6 माह के सश्रम कारावास से दंडित किया जाता है। इसके अतिरिक्त अभियुक्त को आदेशित किया जाता है कि दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 357(3) के अंतर्गत परिवादी को मूल राशि 2 लाख 30 हजार एवं मूल राशि का चेक जारी करने दिनांक 23 सितम्बर 2021 से निर्णय दिनांक 18 नवमबर 2025 तक 9 प्रतिशत वार्षिक दर से साधारण ब्याज 86 हजार रुपए कुल 3 लाख 16 हजार रुपए अदा करेगा। साथ ही न्यायालय शुल्क 10 हजार 20 रुपए एवं अधिवक्ता शुल्क 1 हजार रुपए पृथक से परिवादी को प्रदान करेगा। प्रतिकर राशि न देने पर एक माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास तथा व्यय न चुकाने पर 10 दिवस का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगताया जाए। परिवादी की ओर से सफल पैरवी जिला न्यायालय सीधी के वरिष्ठ अधिवक्ता मनोज सिंह चौहान ने की।

# जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी 108 समस्याएं, अधिकारियों को दिए त्वरित कार्यवाही के निर्देश

नवभारत न्यूज

**सीधी 25 नवम्बर। जिला पंचायत सभागार में आज प्रात: 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक जनसुनवाई आयोजित की गई। जिसमें कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने जिलेभर से आए नागरिकों की कुल 108 समस्याएं गंभीरता से सुनीं।**



कलेक्टर सोमवंशी ने उपस्थित विभागीय अधिकारियों को सभी प्रकरणों पर तत्काल, प्रभावी एवं पारदर्शी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई शासन और जनता के बीच संवाद का सशक्त माध्यम है, इसलिए प्राप्त हर आवेदन पर समयसीमा के भीतर समाधान प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि किसी भी स्तर पर अनावश्यक देरी, उदासीनता या लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी और आवश्यकतानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही भी की जाएगी। उन्होंने जनसुनवाई में प्राप्त प्रकरणों की साप्ताहिक समीक्षा करने के भी निर्देश दिए ताकि निराकरण की गति निरंतर बनी रहे। जनसुनवाई के दौरान सीईओ जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह सोलंकी, अतिरिक्त सीईओ धनंजय मिश्रा सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

# गणना पत्रक डिजिटाइजेशन में सीधी जिला प्रदेश में तीसरे स्थान पर

नवभारत न्यूज

**सीधी 25 नवम्बर। मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण अभियान में सीधी जिला प्रदेश में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। जिले में अब तक 8 लाख 61 हजार 553 गणना पत्रक डिजिटाइज्ड किए जा चुके हैं, जो कुल प्रगति का 82 प्रतिशत से अधिक है।**

जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में गणना पत्रक का वितरण पूर्ण हो चुका है और बीएलओ लगातार घर-घर पहुंचकर संकलन एवं डिजिटाइजेशन कर रहे हैं। डिजिटाइजेशन में धौहनी विधानसभा 86.57 प्रतिशत के साथ पहले स्थान पर है, जबकि सीधी 81.20 प्रतिशत, चुरहट 80.56 और सिहावल 80.96 प्रतिशत प्रगति पर है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी बी.पी.पाण्डेय ने बताया कि प्रशासनिक टीम के तालमेल और तकनीक के प्रभावी उपयोग से कार्य में उल्लेखनीय तेजी आई है।

# ग्राम सुधार के माध्यम से वाटरशेड के कार्यों में हो रहा परिवर्तन : कुंवर

## धौंहनी विधायक के मुख्य आतिथ्य में खैरी में जल सम्मेलन आयोजित

नवभारत न्यूज

**सीधी 25 नवम्बर। वाटरशेड कमेटी कोटा द्वारा ग्राम खैरी मे धौहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम के मुख्य आतिथ्य, जिला पंचायत सदस्य हीराबाई सिंह, उपाध्यक्ष भूपाल सिंह, मंडल अध्यक्ष अनीता सिंह, जनपद सदस्य रूचि सिंह के विशिष्ट आतिथ्य, उपसंचालक कृषि राजेश सिंह, अध्यक्ष वंदना मिश्रा, सचिव बृजेन्द्र मिश्रा की उपस्थिती में जल सम्मेलन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।**



जल सम्मेलन को संबोधित करते हुए विधायक कुंवर सिंह टेकाम ने कहा कि नवार्ड के सहयोग से जो कार्य इस क्षेत्र में हुए सराहनीय हैं। जिसको केदार जी ने बताया यशोदा सिंह ने आर्थिक ग्राम सुधार समिति का जो उद्देश्य है उसको बताई। आज हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव कि मंशा है गांव-गांव तक लोगों को विकास की कड़ी से जोड़ना ग्राम सुधार के माध्यम से जो कार्य हो रहा है, चाहे सब्जी उत्पादन से लेकर आजीविका के विभिन्न साधन हो ग्राम सुधार समिति करा रहा है। जहां-जहां ग्राम सुधार के माध्यम से वाटरशेड के कार्य हो रहा है उस गांव का परिवर्तन हो रहा है। उन्होंने संस्था से उन हुए कार्यों की सतत निगरानी के लिए भी आग्रह किया। विधायक श्री टेकाम ने कहा की ग्राम सुधार समिति के माध्यम से आप लोगों को कितना आत्मनिर्भर बना सके इसके लिए प्रधानमंत्री मोदी जी मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव काम कर रहे हैं। विधायक ने किसानो से जैविक खाद का उपयोग करने आह्वान किया एवं समिति को नशामुक्ति के क्षेत्र मे पहल करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में ग्राम सुधार समिति के कार्यक्रम समन्वयक केदार रजक ने बताया की सीधी जिले का कुसमी विकासखंड में पानी की समस्या नही है ग्राम सुधार समिति ने मिट्टी की सुरक्षा और पानी के संरक्षण के लिए काम कर रहें हैं। लुरुघुटी वाटरशेड म.प्र. में नंबर 1 में आया है जिससे उपमुख्यमंत्री के हांथो सम्मान भी मिला। सिंहाड़ नदी 5 गांव के 1 हजार हेक्टेयर भूमि के लिए काम करने को मौका मिल रहा है। 1 साल कार्ययोजना बनाने में समय लगा। मिट्टी के कटाव, भूजल को बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है सहित अन्य जानकारी दी गयीं। कार्यक्रम में 400 से ज्यादा ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### इनको वितरित किये यंत्र व बीज

कार्यक्रम में विधायक श्री टेकाम द्वारा 10 किसानों को स्प्रिंकलर पाईप, 2 किसानों को विद्युत पम्प, 2 किसानों को रैन गन, 2 हितग्राहियों को मिट्टी के बर्तन बनाने के लिए, 2 हितग्राहियों को बांस के बर्तन बनाने के लिए, 1 हितग्राही को बिशातखाना दुकान के लिए 20-20 हजार रुपये का चेक दिया गया। इसके अलावा कृषि विभाग के माध्यम से 50 किसानों को सरसों के बीज का वितरण किया गया।

### कार्यक्रम इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि रमाशंकर गुप्ता, राजबहादुर सिंह सचिव लुरघुटी, रामबहादुर सिंह अध्यक्ष लुरघुटी, धंनसाय बैगा सरपंच खैरी, कार्यकर्ता उदयभान सिंह, इंद्रजीत सिंह, जगदीश सिंह, सूर्यप्रताप सिंह, राजमती सिंह, राजमन सिंह, संतोष सिंह, सुंदरलाल सिंह, धनंजय सिंह, शिवेंद्र सिंह, कोटा वाटरशेड कमेटी के अध्यक्ष विष्णु प्रताप सिंह, सचिव लालजी सिंह, सदस्य जयमंती बैगा, मुन्नी बाई बैगा, रामकुमार यादव, अमरजीत सिंह, कमलाबाई सिंह, झरियारी बैगा, फगुना बैगा, डॉ .धर्मराज सिंह एसडीओ कृषि विभाग, एस .पी .साकेत सहित अन्य लोग उपस्थित रहें।

CMYK